# बधाई



* **सुश्री बहार जैन** पुत्री इंजी. बसन्त कुमार जैन भोपाल, पौत्री स्व. श्री परबचन्द जैन, विधायक, स्वतंत्रता सेनानी औबेदुल्लागंज, को यू.एन.ओ. द्वारा न्यूयार्क में यूथ असेम्बली में फरवरी 2017 के प्रथम सप्ताह में सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोले विषय पर अपना पेपर प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया।



* नसीराबाद (अजमेर) के इतिहास में पहली बार हुए पंच कल्याणक जो आचार्य विद्यासागरजी महाराज के शिष्य मुनि श्री प्रमाण सागरजी, मुनि श्री उत्तम सागरजी, मुनि श्री विराटसागरजी महाराज के सानिध्य में सानंद हुआ। जिसमें ललितपुर निवासी **श्री नवीन-क्रांति जैन (चूना वाले)** ने कामदेव बाहुबली के मुख्य पात्र के रुप में धर्मलाभ अर्जित किया।




* जनवरी माह में सम्पन्न हुई नेशनल स्कूल चेस चैंपियनशीप 2017 में अंडर-13 गर्ल्स में 13 वर्षीय **नित्यता जैन** 1671 अंतरराष्ट्रीय फिडे रेटिंग प्राप्त शतरंज खिलाड़ी एवं म.प्र. की सीनियर महिला शतरंज चैंपियन ने नए साल का स्वागत करते हुए भारत में पाँचवा स्थान प्राप्त किया।



* श्रवणबेलगोला महामस्तकाभिषेक महोत्सव में **डॉ. श्रेयांसकुमार जैन** संरक्षक बनाये गये हैं। डॉ. जैन अखिल भारत वर्षीय दिगम्बर जैन शास्त्री परिषद् के अध्यक्ष हैं और जैन समाज के श्रेष्ठ विद्वान हैं। ये सदैव धार्मिक कार्यों को कुशलता पूर्वक कराने में कुशल हैं। आप गोलालारीय दर्शन के परामर्श प्रमुख है।



* **श्री राजेश जैन,** भोपाल को श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन श्रुत संवर्धिनी महासभा, नई दिल्ली के द्वारा भोपाल संभाग में संयुक्त मंत्री के रुप में नियुक्त किया गया है। आप भोपाल संभाग में संस्थान के कार्यालय को संचालित कर महासभा के संगठन को मजबूत करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को संगठन से जोड़ने हेतु प्रेरित करेंगे।



इन्दौर के पूर्वोत्तर क्षेत्र में स्थित महालक्ष्मी नगर में पंचकल्याणक वेदी प्रतिष्ठा कार्यक्रम 108 आचार्य श्री पुष्पदंतसागरजी महाराज और उनके संघस्थ शिष्य श्री प्रज्ञासागरजी, प्रणामसागर एवं पूज्यसागरजी महाराज के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतिदिन नित्य पूजन के पश्चात गर्भकल्याणक, जन्मकल्याणक, तपकल्याणक, ज्ञानकल्याणक व मोक्षकल्याणक आदि क्रियाएं सानंद संपन्न हुयी। आचार्य गुरुवर का मंगल प्रवचन तथा सायंकाल भजन आरती पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों में समाजजनों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इसी क्रम में **श्री निर्मलकुमार-सुनीता जैन सिवनीवालों** और **श्रीमती चंदा -स्व. श्री नरेन्द्रकुमार जैन साइकल वाले के सुपौत्र व श्री निशांत-रेशू जैन सनसिटी, इन्दौर के सुपुत्र मा. चिदेश जैन की ओर से भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा विराजमान करायी गयी।**

## नागपुर समाज का चुनाव सर्वानुमति से संपन्न

प्रकाशचंद जैन, नागपुर। श्री गोलालारीय दि. जैन समाज की संस्था ''श्री बाहुबली बहुउद्देश्यीय संस्थान'' के त्रिवार्षिक चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। जिसमें मार्गदर्शक मंडल के अलावा नवीन कार्यकारिणी का चयन सर्वानुमति से किया गया। मार्गदर्शक मंडल में डॉ. राजेन्द्रप्रसाद जैन, श्री नेमीचंद जैन, श्री शीतलप्रसाद जैन, श्री सुरेशचंद जैन, श्री वीरेन्द्रकुमार जैन रेलवे का चयन किया गया

संस्था के निर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष श्री अनिलकुमार जैन VSR, उपाध्यक्ष श्री राजेश रामदासजी जैन, सचिव श्री प्रकाश फूलचंद जैन कुरवाईवाले, कोषाध्यक्ष श्री अमित जैन लक्की, सहसचिव श्री विकास नरेश जैन व कार्यकारिणी सदस्य के रुप में श्री सुभाष बाबूलाल जैन, डॉ. कपिल मदनलाल जैन, श्री निकेश विमलकुमार जैन, श्री संतोषकुमार जैन विदिशावाले व श्री अमित नेमीचंद जैन चयनित हुये।


अध्यक्ष


उपाध्यक्ष


सचिव


सहसचिव









कार्यकारिणी सदस्य

## डॉ. पंकज जैन राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित



अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीइ) नई दिल्ली द्वारा हिंदी में तकनीकी पाठ्य पुस्तक को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित तकनीकी पाठ्य पुस्तक पुरस्कार योजना के तहत शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में विभागाध्यक्ष पद पर पदस्थ डॉ. पंकज जैन द्वारा लिखित पाठ्य पुस्तक वित्तीय लेखांकन को राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार प्राप्त हुआ हैं। पुरस्कार के तहत डॉ. पंकज जैन को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में 21 हजार रुपए की नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉ. पंकज जैन की लिखित 10 पाठ्य पुस्तकों का अभी तक प्रकाशन हो चुका हैं। इसके पूर्व व्यवसायिक अर्थशास्त्र को भी म.प्र. शासन चयनित कर प्रकाशित कर चुका हैं।



* श्री सुशांत सुराणा ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण कर डिग्री प्राप्त की है। आप झालावाड़ में स्वयं की चार्टर्ड अकाउण्टेंट कंपनी संचालित कर रहे है। आप राजेश सुनीता जैन 'सायकलवालों' इन्दौर के दामाद है।

## सिरोंज में विमानोत्सव धूमधाम से संपन्न

अंकित सेठ, सिरोंज। सकल दिगंबर जैन समाज ने विमानोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया। नगर के मुख्य बाजार में विमान निकाले गए। वार्षिक अधिवेशन का आयोजन भी किया गया। नगर के सभी जैन मंदिरों में श्रीजी का विशेष अभिषेक एवं पूजन किया गया। कठाली बाजार स्थित जिनालय में विमानोत्सव की शुरुआत हुई। जिसकी अगवानी महापुरुषों के स्वरूप में सजी बालिकाओं द्वारा की जा रही थी। साथ में चल रहे युवाओं के हाथों में तिरंगा तथा जैन समाज का ध्वज था इसके उपरांत जैन समाज की पाठशालाओं की बहनें तथा समाज की महिलाएं कतारबद्ध होकर चल रही थीं।

विमानोत्सव का सबसे मुख्य आकर्षण दिगम्बर जैन नवयुवक मंडल तथा जागृति मंडल के दिव्यघोष थे। आकर्षक वेशभूषा में सजे दोनो ही मंडल के सदस्यों द्वारा सुमधुर दिव्यघोष वादन किया जा रहा था। इसके उपरांत समाज के वरिष्ठ एवं युवा सदस्य चाँदी का विमान लेकर चल रहे थे।

इस विमान में श्रीजी की प्रतिमा को स्थापित किया गया था। यह विमान नगर के मुख्य मार्गों, हाजीपुर तथा लिंक रोड होते हुए वापस कठाली बाजार आकर थमा। इसके उपरांत आरोन रोड स्थित अतिशय तीर्थ नसियाजी पर वार्षिक अधिवेशन का आयोजन हुआ। इसमें सकल जैन समाज के लोग शामिल हुए।

## महावीर जयंती

आगामी महावीर जयंती के सचित्र समाचार 20 अप्रैल तक हमारे वाट्सएप्प नंबर या ईमेल पते पर भेजे ताकि प्रकाशन किया जा सके।

### भोपाल गोलालारीय समाज का स्नेह सम्मेलन 26 मार्च को

राजेश जैन, भोपाल। श्री दि. जैन गोलालारीय समाज भोपाल द्वारा 26 मार्च 2017 को वार्षिक मिलन समारोह **'होली मिलन'** का आयोजन तुलसी मानस प्रतिष्ठान, मानस भवन, पोलीटेक्निक चौराहा, भोपाल पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों का सम्मान कर वार्षिक प्रतिवेदन के साथ आयोजित किया जाना है। समाज द्वारा विधिवत आमंत्रण पत्र समाजजनों को प्रेषित किये जा रहे है। भोपाल में निवासरत नवीन सदस्य अधिक जानकारी के लिए राजेश जैन 9302935645 पर संपर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते है।

**गोलालारीय समाज के प्रत्येक परिवार को हम गोलालारीय दर्शन पत्रिका भेजने के लिए कृत संकल्पित हैं हमारा सदैव प्रयास रहता हैं कि आप तक पत्रिका नियमित पहुंचे। डाक व्यवस्था के कारण यदि आप तक पत्रिका नही पहुंच पाती हैं तो अपना पूर्ण पता मोबाइल नम्बर सहित पत्रिका के वॉटसएप नं. 94067-44064 पर भेजे। आप अपने नाते रिश्तेदारों या अन्य नगर में नौकरी या व्यापार कर रहे अपनें बच्चों के पते व मोबाइल नंबर हमें भेजे ताकि उनको भी पत्रिका प्रेषित की जा सके। यदि आप तक पत्रिका नहीं पहुंच रही है तो आप अपने शहर के किसी ऐसे सदस्य का नाम देवें जिसके यहां पत्रिका पहुंच रही है।**